बूथ रेशनेलाइजेशन • 1200 से अधिक वोटों वाले बूथों की जगह बने नए बूथ

हरियाणा के छह जिलों में 235 नए बूथ बने, अब बूथों की संख्या 20,864 हुई

सुशील भार्गव | चंडीगढ़

हरियाणा में बूथों का रेशनेलाइजेशन किया गया है। 6 जिलों में 235 नए बूथ बनाए गए हैं। ये बूथ वहां पर बने हैं, जहां 1 बूथ में वोटों की संख्या 1200 से ज्यादा थी। अब बूथों की संख्या बढ़कर 20864 हो गई है, पहले 20629 बूथ थे। प्रदेश में बड़ी संख्या में लोगों ने फार्म-8 भरा है, इसमें उनके परिवार के लोगों के वोट एक ही बूथ में आ जाएंगे, अब तक इनके वोट दूसरे बूथों में थे। जिन 6 जिलों में नए बूथ बढ़े हैं, उनमें यमुनानगर, पंचकूला, सिरसा, चरखी दादरी, फतेहाबाद व पानीपत जिले शामिल हैं।

एसआईआर के प्रथम चरण में 2.06 करोड़ वोटरों में से 33.84 लाख वोटरों के नाम काटे जा सकते हैं। इससे पूर्व इन सभी को नोटिस जारी किए जाएंगे, एक-एक वोटर से संपर्क किया जाएगा, इसके बाद ही नाम कटेंगे। जिन वोटरों ने अपने गणना प्रपत्र अभी भी जमा नहीं कराए हैं वे अब जमा करा सकते हैं।

ये बने हैं जिला वाइज नए बूथ

जिला	नए बूथ	जिला	नए बूथ
पंचकूला (10)		**फतेहाबाद (59)**	
कालका	6	फतेहाबाद	13
पंचकूला	4	रतिया	23
यमुनानगर (27)		टोहाना	23
साढ़ौरा	5	**सिरसा (91)**	
जगाधरी	15	कालांवाली	11
यमुनानगर	4	डबवाली	18
रादौर	3	रानिया	23
पानीपत (35)		सिरसा	17
पानीपत ग्रामीण	14	एलनाबाद	22
पानीपत शहर	3	**चरखी दादरी (34)**	
इसराना	4	बाढड़ा	11
समालखा	14	दादरी	23

SIR दूसरे फेज की प्रक्रिया अभी बाकी

प्रदेश में रेशनेलाइजेशन के कारण जहां 235 बूथ बढ़ गए हैं, वहीं 21 बूथ कम भी हुए हैं। अभी एसआईआर की दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें आखिरी आंकड़ों तक बूथों की संख्या कम हो सकती है।

आज आगामी ड्रॉफ्ट वोटर लिस्ट, 1 माह आपत्ति दर्ज करा सकेंगे

चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के बाद आज ड्रॉफ्ट पब्लिकेशन जारी किया जाएगा। 31 जुलाई से 30 अगस्त तक वोटर आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए बीएलओ फिर से घर-घर जाकर दस्तक देंगे। जिन वोटरों ने गण प्रपत्र जमा नहीं कराए हैं या जिनके नाम मैपिंग में नहीं हैं, उन को नोटिस प्रदान किए जाएंगे। नोटिसों की संख्या 45 लाख तक जा सकती है। यह नोटिस जिला स्तर पर बीएलओ, घर-घर जाकर देंगे। फिर अधिकारी इन नोटिसों को लेकर वोटरों की सुनवाई करेंगे। सभी वोटर अपने पोलिंग बूथ और सीईओ हरियाणा की साइट पर भी अपना नाम व स्पेलिंग या पता देख सकते हैं।

एसआईआर में लगे बीएलओ को अब ₹18 हजार मिलेंगे

एसआईआर के कार्य में नियुक्त किए गए बीएलओ को अब 18 हजार रुपए मिलेंगे। पहले इनको 12 हजार रुपए मिलते हैं। 6 हजार रुपए की बढ़ोत्तरी को चुनाव आयोग ने मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रदेश में हर बूथ पर एक बीएलओ नियुक्त किया गया है। इन सभी को अब बढ़ी हुई राशि प्रदान की जाएगी।

गलती, शिफ्टिंग आदि में ये फार्म भरकर देने होंगे

- यदि किसी तरह की गलती है और उसे ठीक करना है यानी करेक्शन है तो फार्म आठ भरना होगा
- शिफ्टिंग का मामला है तो फार्म आठ
- नए वोट बनवाने हैं तो फार्म-6
- खुद या किसी अन्य के वोट पर ऑब्जेक्शन है या वोट कटवाना है तो फार्म-7 भरना होगा।

1500 अतिरिक्त अधिकारी किए नियुक्त: चुनाव आयोग ने एसआईआर के दूसरे चरण के प्रोसेस को लेकर 1500 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी नियुक्त किए हैं। 90 ईआरओ, 180 एईआरओ नियुक्त किए गए हैं। सभी छह डिवीजनल कमिश्नर भी अपने इलाकों के पोलिंग स्टेशन चेक कर सकते हैं।

किसानों के लिए छलावा साबित हुई फसल बीमा योजना: हुड्डा

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को कहा कि फसल बीमा योजना किसानों के लिए सिर्फ छलावा साबित हुई है। जब ये योजना शुरू हुई तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन आज हालात यह है कि इसके लाभार्थियों की संख्या घटकर आधी से भी काम रह गई है। इसबार तो खुद सरकार ने खरीफ सीजन के लिए किसानों को पंजीकरण का उचित समय तक नहीं दिया, जो अधिसूचना हर साल 20 से 25 जून के बीच में जारी होती थी, वह इस बार 24 जुलाई को जारी की गई। यानी 11.20 लाख किसानों को पंजीकरण के लिए मुश्किल से एक हफ्ते का समय दिया गया। उन्होंने आवेदन की तिथि आगे बढ़ाने की मांग उठाई है। साथ ही कहा है कि सरकार निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के बजाय, किसानहित के बारे में सोच और जरूरत पड़ने पर किसानों को तुरंत मुआवजा दे। अब तक जो पिछला मुआवजा बकाया है, उसका तुरंत प्रभाव से भुगतान किया जाए। साथ ही बीजेपी सरकार जवाब दे कि इस योजना के तहत हर साल मुआवजे की राशि क्यों घटती जा रही है और प्रिमियम की राशि क्यों बढ़ती जा रही है।

हरियाणा के 66 नगर निकायों में नई प्लॉटिंग नीति लागू

सोनीपत | हरियाणा सरकार ने छोटे नगर निकायों में सुनियोजित शहरी विकास और अनधिकृत कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए नई टाउन प्लानिंग स्कीम फॉर रेजिडेंशियल प्लॉटिड हाउसिंग लागू कर दी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद 30 जुलाई को इसका राजपत्र जारी हुआ। योजना उन 66 नगर निकायों में लागू होगी, जहां कंट्रोल्ड एरिया के प्रावधान नहीं हैं। आवासीय परियोजना का न्यूनतम क्षेत्रफल 5 एकड़ होगा व 33 फीट चौड़े सार्वजनिक मार्ग से संपर्क अनिवार्य रहेगा। 50-250 वर्गमीटर के प्लॉट विकसित किए जाएंगे। डेवलपर को सड़क, पेयजल, सीवर, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, पार्क, एसटीपी, भूजल रिचार्ज व अन्य सुविधाएं अपने खर्च पर विकसित करनी होंगी। एचआईआरए पंजीकरण के बिना प्लॉटों की बिक्री नहीं होगी और परियोजना पांच वर्ष में पूरी करनी होगी।

बरनाला लाठीचार्ज के विरोध में पंजाब बंद का रहा व्यापक असर

प्रदेश के विभिन्न जिलों में बाजार रहे बंद

विभिन्न जिलों से | बरनाला लाठीचार्ज के विरोध स्वरूप और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सफाई सेवकों का वीरवार को पंजाब बंद का लगभग सब जगह व्यापक असर रहा। अबोहर, फाजिल्का, फिरोजपुर, मुक्तसर, मोगा, संगरूर, बरनाला, फरीदकोट, गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, रोपड़, नवांशहर समेत तमाम जिलों में बाजार बंद रहे। किसान, मजदूर और संगठनों के समर्थन से व्यापक बंद रहा। यद्यपि, आवश्यक सेवाओं बैंक, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर, दूध-डेयरी और अन्य आपातकालीन सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं। बस स्टैंड और रेल यातायात बंद से बेअसर रहे। बटाला शहर में पंजाब बंद का कोई असर नहीं दिखा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी निकाली, मुख्य मार्गों पर मार्च निकाला। कई जगह मुख्य चौराहों पर दिए गए धरनों से यातायात प्रभावित रहा। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं और बरनाला लाठीचार्ज के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

पंजाब : प्रकाशोत्सव पर पाक जाने के इच्छुक श्रद्धालु 10 तक पासपोर्ट दें : एसजीपीसी

अमृतसर | शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर पाकिस्तान जाने के चाहवान श्रद्धालुओं से पासपोर्ट मांगे हैं। सिख श्रद्धालुओं का जत्था नवंबर 2026 में पाकिस्तान के गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब व अन्य गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन दीदार के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए कमेटी ने वीजा प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके तहत श्रद्धालु 10 अगस्त तक अपने पासपोर्ट जमा करवा सकेंगे।

मेसर्स एक्सपेरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत पता : एफ–9, पहली मंजिल, मनीष प्लाजा–1, प्लॉट नंबर–07, एमएलयू, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स एक्सपेरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को हरियाणा के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से गाँव चौमा, सेक्टर 112, गुरुग्राम, हरियाणा में ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट विंडचैंट के विस्तार के लिए पर्यावरण मंजूरी (EC) प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।

प्रस्ताव संख्या IA/HR/INFRA2/520023/2025, दिनांक 29/01/2025

EC पहचान संख्या 21/69/2025-I.A.III, दिनांक 13/10/2025

पर्यावरण मंजूरी का विवरण परिवेश पोर्टल (**www.parivesh.nic.in**) पर जनता के अवलोकन के लिए उपलब्ध है।

दिनांक : 31.07.2026 | मेसर्स एक्सपेरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
स्थान : गुरुग्राम | के लिए और उनकी ओर से

खस्ताहाल सड़क से खफा लोगों ने रोका विक्रमादित्य का काफिला

ब्रह्मपुखर से जब्बल पुल तक मरम्मत की उठाई मांग

ब्रह्मपुखर में मंत्री विक्रमादित्य सिंह की गाड़ी रोकते लोग।

बिलासपुर | शिमला-मटौर नेशनल हाईवे के ब्रह्मपुखर से जब्बल पुल तक के हिस्से की डांवाडोल हालत से परेशान ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह का काफिला रोक दिया। गत बुधवार रात करीब 9 बजे ब्रह्मपुखर में मंत्री के वाहन के साथ ही काफिले में शामिल अन्य वाहनों को रोककर उन्होंने उन्हें सड़क की हालत से अवगत करवाते हुए इसकी मरम्मत जल्द करवाने की मांग की।

उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते सड़क की हालत नहीं सुधारी गई तो लोग आंदोलन का बिगुल बजाने पर मजबूर होंगे। गत बुधवार रात ब्रह्मपुखर में जुखाला पंचायत प्रधान हरिराम धीमान की अगुवाई में दिनेश शर्मा, उदय ठाकुर, अजय, रोहित व कमलेश नड्डा आदि ने पीडब्ल्यूडी मंत्री की गाड़ी रोककर अपनी समस्या उनके समक्ष रखी। शिमला-मनाली सड़क को जोड़ने वाला एनएच का यह हिस्सा बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके बावजूद पिछले 4 वर्षों से इस सड़क की मरम्मत करवाने की जहमत नहीं उठाई गई है। जगह-जगह टारिंग उखड़ने की वजह से सड़क पर गड्ढों की भरमार हो गई है। विक्रमादित्य सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस मामले में जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

कड़ी सुरक्षा के बीच किन्नर कैलाश यात्रा शुरू, रोजाना 375 श्रद्धालु ही जा सकेंगे

रिकांगपिओ | देवभूमि किन्नौर में किन्नर कैलाश यात्रा आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। रास्ते में ग्लेशियरों के पिघलने और भूस्खलन के खतरे के कारण इसे पहले अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था, लेकिन हाईकोर्ट के निर्देश और रैकी टीम की रिपोर्ट के बाद सुरक्षा व मरम्मत कार्य पूरे कर अब यात्रा का संचालन शुरू किया गया है। यात्रा 10 अगस्त तक चलेगी। इस वर्ष यात्रा के लिए कड़े नियम लागू किए गए हैं, जिसके तहत प्रतिदिन केवल 375 श्रद्धालुओं को ही यात्रा की अनुमति दी जाएगी।

राज्य सरकार के 2,063 करोड़ बकाया से रेल परियोजना प्रभावित : अनुराग

हमीरपुर | भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी 63 किलोमीटर नई रेल लाइन परियोजना का कार्य हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं किए जाने के कारण प्रभावित हो रहा है। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने कही है। उन्होंने लोकसभा में भी उन्होंने सवाल उठाया है जिस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह स्पष्ट किया है। मंत्रालय के अनुसार लागत साझेदारी व्यवस्था के तहत राज्य सरकार को कुल 2,910 करोड़ रुपए का अंशदान देना था, जिसके मुकाबले अब तक केवल 847 करोड़ रुपये ही जमा किए हैं। 2,063 करोड़ रुपए की राशि अभी भी बकाया है।

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-I, दिल्ली

चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

OA NO. 317/2025

बैंक ऑफ बड़ौदा ... आवेदक
विरुद्ध
संजय गुप्ता ...प्रतिवादी

सेवा में,
(1) श्री संजय गुप्ता, प्रोपराइटर, मैसर्स सेफलाइन होम अप्लायंसेज (उधारकर्ता), 453 राय इंडस्ट्रियल एरिया, सोनीपत, हरियाणाय अन्य पता: डी–64, द्वितीय तल, सन सिटी, सेक्टर–54, वजीराबाद, गुरुग्राम, हरियाणा 122003

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरुद्ध रु. 41,12,915/– (रुपये इकतालिस लाख बारह हजार नौ सौ पन्द्रह मात्र) की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 20–11–2026 को माननीय पी.ओ. के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है (अतिरिक्त विवरण के लिए कृपया डीआरटी वेबसाइट www.tribunal.gov.in देखें फोन नंबर 011–23748473)।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

(i) सभी संबंधित व्यक्ति अपने मामलों में हाइब्रिड मोड (न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर या सिस्को वेबेक्स वीसी लिंक के माध्यम से) द्वारा उपस्थित हो सकते हैं। (ii) वीसी के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के लिए सभी अधिवक्ता/वादी सिस्को वेबेक्स एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे; (iii) माननीय पीठासीन अधिकारी/ रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी–I/और वसूली अधिकारी–II द्वारा लिए जाने वाले मामलों की सुनवाई की अगली तिथि के लिए मीटिंग आईडी और पासवर्ड, सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल यानी drt.gov.in पर अगली तिथि से एक दिन पहले उपलब्ध होंगे। (iv) किसी भी आपात स्थिति में, अधिवक्ता/वादी संबंधित अधिकारी से फोन नंबर 23748473 पर संपर्क कर सकते हैं।

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायाधिकरण की मुहर से दिनांक 25 जून, 2026 को दिया गया।

इस न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-I, दिल्ली

चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

OA NO. 373/2025

बैंक ऑफ बड़ौदा ... आवेदक
विरुद्ध
आयुष गुप्ता ...प्रतिवादी

सेवा में,
(1) श्री आयुष गुप्ता, प्रोपराइटर, मैसर्स खाटू श्याम इंडस्ट्रीज, 453 राय इंडस्ट्रियल एरिया, सोनीपत, हरियाणा अन्य पता: डी–64, द्वितीय तल, सन सिटी, सेक्टर–54, वजीराबाद, गुरुग्राम, हरियाणा 122003

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरुद्ध रु. 67,48,769/– (रुपये सड़सठ लाख अड़तालिस हजार सात सौ उनहत्तर मात्र) की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 20–11–2026 को माननीय पी.ओ. के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है (अतिरिक्त विवरण के लिए कृपया डीआरटी वेबसाइट www.tribunal.gov.in देखें फोन नंबर 011–23748473)।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

(i) सभी संबंधित व्यक्ति अपने मामलों में हाइब्रिड मोड (न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर या सिस्को वेबेक्स वीसी लिंक के माध्यम से) द्वारा उपस्थित हो सकते हैं। (ii) वीसी के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के लिए सभी अधिवक्ता/वादी सिस्को वेबेक्स एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे; (iii) माननीय पीठासीन अधिकारी/ रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी–I/और वसूली अधिकारी–II द्वारा लिए जाने वाले मामलों की सुनवाई की अगली तिथि के लिए मीटिंग आईडी और पासवर्ड, सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल यानी drt.gov.in पर अगली तिथि से एक दिन पहले उपलब्ध होंगे। (iv) किसी भी आपात स्थिति में, अधिवक्ता/वादी संबंधित अधिकारी से फोन नंबर 23748473 पर संपर्क कर सकते हैं।

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायाधिकरण की मुहर से दिनांक 10 जून, 2026 को दिया गया।

इस न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र.23/न.पा.नि./जोन क्र.3/2026-27 | दिनांक 30/07/2026

नगर पालिक निगम बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत रोड डामरीकरण एवं नवीनीकरण हेतु निविदा क्रमांक 17 सिस्टम टेण्डर नम्बर 195108 दिनांक 09.07.2026 को आमंत्रित की गई थी जिसमें जोन क्रमांक 03, 04, 05 एवं 06 के विभिन्न स्थानों पर रोड डामरीकरण एवं नवीनीकरण कार्य के स्थान पर जोन क्रमांक 03, 04, 05, 06 एवं 08 के विभिन्न स्थानों पर रोड डामरीकरण एवं नवीनीकरण कार्य, निविदा लागत राशि 165.72 लाख के स्थान पर राशि रु. 224.11 लाख, निविदा अमानत राशि रु.1,24,289.00 के स्थान पर राशि रु. 1,12,053.00 एवं ऑन लाईन निविदा जमा करने की तिथि 01.08.2026 के स्थान पर दिनांक 11.08.2026 एवं फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि 04.08.2026 के स्थान पर 12.08.2026 पढ़ा जावें।

नोट: निविदा के नियम एवं शर्तें तथा तिथि यथावत् रहेगी।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.3
न.पा.नि. बलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला-147001
सीआईएन: U40109PB2010SGC033813 वेबसाइट : www.pspcl.in
(संपर्क नंबर 96461-18721)

टेंडर पूछताछ नंबर क्यूडब्ल्यू-350/पीओ-डब्ल्यू | दिनांक 29.07.2026

चीफ इंजीनियर/स्टोर्स एंड वर्कशॉप्स ऑर्गनाइजेशन, सराभा नगर, पीएसपीसीएल लुधियाना, 3-फेज, 50 साइकिल, आउटडोर टाइप, ऑयल इमर्शन, नैचुरली कूल्ड, स्टैक कोर टाइप कंस्ट्रक्शन, OWP नॉन स्टार एल्युमीनियम वाउंड डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर (टाइप कन्वेंशनल) की रिपेयर के लिए ई-टेंडर मंगाता है। इसकी कैपेसिटी 100 केवीए है और वोल्टेज रेश्यो 11/0.433 केवी है, जो ISS: 2026 (अगर कोई लेटेस्ट अमेंडमेंट हो तो) के हिसाब से है और 1180 पार्ट-1 (2014) जिसमें ऑयल की पहली फिलिंग हो और जो ISS: 335/1993 (अगर कोई लेटेस्ट अमेंडमेंट हो तो) के हिसाब से है।

मात्रा = 900 नग

डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन के लिए कृपया 29.07.2026 को शाम 04:30 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोट: अगर कोई सुधार या अतिरिक्त जानकारी होगी, तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन पब्लिश किया जाएगा।

1079/12/2026-27/13844 | C758/26

NOTICE INVITING TENDERS (NIT)

The Store Purchase Organisation on behalf of Managing Director-Cum-CEO, HPBDPIL, Shimla, hereby invites online bids **(National Competitive Bidding)** through electronic tendering system for the following works on Engineering, Procurement and Construction Mode from eligible and appropriate class of contractors/ firms, registered in the appropriate class with HPPWD/ CPWD/ I&PH/ or any other Govt. agency/organization

Name of work: 1. Development of Bulk Drug Park at Una Distt. (H.P.) SH: - Construction of Common Effluent Treatment Plant (CETP) 5.0 MLD (HTDS- 1.5 MLD, LTDS- 3.5 MLD) with ZLD Facility. **Estimated Cost:**Rs. 2,73,49,03,846/-**Earnest Money:**Rs. 2,70,00,000/- **Cost of Tender (inclusive GST):**Rs. 2,70,000/- **Time Limit:** 24 months

Name of work: 2. Development of Bulk Drug Park at Una Distt, Una (HP) SH: Setting up of the Boiler Steam Generation and Distribution System with Capacity of 300TPH.**Estimated Cost:**Rs. 3,00,28,84,615/-**Earnest Money:**Rs. 3,00,00,000/- **Cost of Tender (inclusive GST):**Rs. 3,00,000/-**Time Limit:** 24 months

Schedule, terms and conditions:

Date and time for document download & submission of bids: From: 31.07.2026, 2:00 PM To 16.08.2026, 05:00 PM | Date & time of opening online Technical Bids: 17.08.2026, 11:00 AM.

- Bids should be submitted online on **website: https://hptenders.gov.in.**
- Bidders must read the RFP document carefully before submitting the Bid.
- The competent authority reserves the right to accept or reject any or all the bids or withdrawn from tendering without assigning any reason thereto.

Store Purchase Organisation,
Directorate of Industries, Shimla
Forand on behalf of
Managing Director-Cum-CEO, HPBDPIL, Shimla.

ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) | **Punjab & Sind Bank** (A Govt. of India Undertaking)

Where service is a way of life

आर.ओ. गुड़गांव
संस्थागत प्लॉट संख्या- 151, सेक्टर- 44, गुड़गांव-122003 फ़ोन- 0124-4843537

बिक्री सूचना

31.08.2026 को अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना (दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक)

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत जारी किया गया है, जो सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) चल और 8 (6) अचल के प्रावधान के साथ पढ़ा गया है। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता, बंधककर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार को बंधक/भारित है, जिसका प्रतीकात्मक/भौतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे उल्लेखित खाते/खातों में देयताओं की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जाएगी। कर्जदार/गिरवी रखने वाले/गारंटर/सिक्योर्ड एसेट्स/ड्यूज/रिजर्व प्राइस/ई-ऑक्शन की तारीख और समय, EMD अमाउंट की डिटेल्स नीचे दिए गए टेबल में दी गई हैं।

क्र. सं.	उधारकर्ता/गारंटर और शाखा का नाम	संपत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस की तारीख और बकाया रकम (रु.) + उस पर भविष्य का ब्याज और दूसरे खर्चे	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	संपत्ति निरीक्षण तिथि और समय /कब्जे का स्थिति (भौतिक या प्रतीकात्मक)	ईएमडी जमा करने का अंतिम तिथि व समय	ई-नीलामी की तिथि/ समय	अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क क्रमांक	लोकेशन साइट के लिए क्यूआर कोड	संपत्ति इमेज के लिए क्यूआर कोड	सर्विस प्रोवाइडर के लिए क्यूआर कोड
1	मोहित बंसल, सुरेंद्र बंसल और मिथलेश बंसल /सेक्टर 10 गुड़गांव	रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी H.No. 474-B/7, जवाहर नगर, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 में है, जिसका साइज 75 sq yds है।	04-10-2018 ₹ 41,79,547.86	₹ 6545000.00 / ₹ 654500.00 / ₹65450.00	21.08.2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सांकेतिक	30.08.2026 शाम 4:00 बजे तक	31.08.2026 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक	श्री प्रताप सिंह (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल: 9871287597 ईमेल आईडी: pratap.singh@psb.bank.in			
2	प्रशांत कुमार और पूजा रानी / सेक्टर 5 गुड़गांव	आवासीय 2BHK फ्लैट नंबर-003, भूमि रेजीडेंसी, प्लॉट नंबर-258-259, खसरा नंबर-6247/124/3,6250/125/3 का हिस्सा, राजेंद्र पार्क, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 में स्थित है	19-12-2024 ₹ 10,65,709.98/-	₹ 2486000/- / ₹ 248600/- / ₹ 24860/-	21.08.2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक भौतिक	30.08.2026 शाम 4:00 बजे तक	31.08.2026 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक	श्रीमती अवलीन कौर (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल: 9953851068 ईमेल आईडी: avaleen.kaur@psb.bank.in			
3	मनोज और अंजू देवी / मानेसर	H.No. 2019 Rect No 16 का हिस्सा, किला नंबर 10/2, गली नंबर 34, सूरत नगर, फेज 2, गुरुग्राम, हरियाणा - 122001	14-11-2025 ₹ 6,82,809.50/-	₹ 3455000.00 / ₹ 345500.00 / ₹ 34550.00	21.08.2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सांकेतिक	30.08.2026 शाम 4:00 बजे तक	31.08.2026 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक	श्रीमती अवलीन कौर (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल: 9953851068 ईमेल आईडी: avaleen.kaur@psb.bank.in			
4	अशोक कुमार /सेक्टर-44 गुड़गांव	प्लॉट नंबर 1078 खसरा नंबर 1078 का हिस्सा, गुड़गांव गांव की रेवेन्यू एस्टेट के अंदर, जिसे अभी ओम नगर, गुड़गांव के नाम से जाना जाता है। हरियाणा - 122001	03-02-2026 ₹ 28,81,507.12/-	₹ 21440000.00 / ₹ 2144000.00 / ₹ 214400.00	21.08.2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सांकेतिक	30.08.2026 शाम 4:00 बजे तक	31.08.2026 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक	श्री वेद प्रकाश शर्मा (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल: 9877048491 ईमेल आईडी: ved.sharma@psb.bank.in			

नियम और शर्तें:- 1. ऑनलाइन ई-ऑक्शन ऑक्शन प्लेटफॉर्म यानी **https://baanknet.in** पर दी गई तारीख और समय पर होगा। इच्छुक बोली लगाने वालों/खरीदारों को https://baanknet.in पर वैलिड ईमेल ID और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करके रजिस्टर करना होगा। इच्छुक बोली लगाने वालों/खरीदारों को अपने KYC डॉक्यूमेंट और बैंक डिटेल्स भी अपलोड करने होंगे। रजिस्ट्रेशन और अपलोड करने की फॉर्मैलिटीज काफी पहले पूरी कर लेनी चाहिए। 2. EMD पेमेंट: इच्छुक बोली लगाने वालों/खरीदारों से रिक्वेस्ट है कि वे अपने ईमेल-ID और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करके पोर्टल (https://baanknet.in) पर रजिस्टर करें। e-KYC का प्रोसेस डिजिलॉकर के जरिए किया जाएगा और KYC वेरिफिकेशन पूरा होने के बाद, इच्छुक बोली लगाने वाले/खरीदार लॉगिन करके EMD पेमेंट कर सकते हैं। EMD पेमेंट के लिए इच्छुक बोली लगाने वाले/खरीदार, बायर के तौर पर लॉगिन करने के बाद पोर्टल पर दिए गए बायर मैनुअल से गाइड हो सकते हैं। पेमेंट गेटवे के जरिए और चालान बनाकर और वॉलेट में रकम जमा करके भी किया जा सकता है। पेमेंट तय समय से काफी पहले हो जाना चाहिए। इंटरेस्टेड बिडर को ई-ऑक्शन बंद होने से पहले https://baanknet.in ऑक्शन पोर्टल पर प्री-बिड EMD जमा करनी होगी। EMD पर कोई इंटरेस्ट नहीं लगेगा, फेल हुए बिडर की EMD रिफंड के लिए, बिडर को **https://baanknet.in** पर लॉग इन करके और बायर मैनुअल में दिए गए रिफंड के प्रोसेस को फॉलो करके ई-ऑक्शन सर्विस प्रोवाइडर से ऑनलाइन रिफंड लेना होगा। फेल हुए बिडर की EMD रकम बिना इंटरेस्ट के वापस कर दी जाएगी। सफल H1 बिडिंग के बाद बची हुई रकम A/c नंबर में भेजनी होगी। 80235040070003 नामः एनईएफटी इनवर्ड एसटीपी पार्किंग खाता आईएफएससी कोडः **PSIB0008023** 3. बोली लगाते समय बोली लगाने वाले को उपरोक्त वेबसाइट में उल्लिखित सूची में से उस संपत्ति का चयन करना होगा जिसके लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है और/या बोली लगाने वाला सीधे संपत्ति आईडी दर्ज कर सकता है। प्रश्नों के लिए संपर्क नंबर - 8291220220 और ईमेल आईडी - support.baanknet@psballiance.com। पंजीकरण, लॉगिन और बोली नियमों के लिए, कृपया **https://baanknet.in** के मुख पृष्ठ में दिए गए क्रेता मैनुअल लिंक को देखें। 4. बोली लगाने के समय बोली लगाने वाले के ई-वॉलेट में ईएमडी राशि के बराबर या उससे अधिक शेष राशि होनी चाहिए। 5. ई-नीलामी के दौरान बोली लगाने वालों को अंतिम बोली के ऊपर और उससे अधिक बोली लगाने की अनुमति होगी बोलीदाताओं को लगातार उच्च बोली उद्धृत करने के लिए दस मिनट का समय दिया जाएगा और यदि अंतिम उच्चतम बोली से दस म